बरोटीवाला कॉलेज में पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने का संकल्प

बरोटीवाला(सोलन)। राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला की रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई ने उच्च शिक्षा निदेशालय और उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में पर्यावरण-अनुकूल दिवाली विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर इकाई की ओर से मूक अभिनय के माध्यम से पटाखों से होने वाले वायु एवं ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों को दर्शाया गया तथा व्याख्यान में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया कि माननीय न्यायालय के अनुसार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक पटाखे फोड़ना प्रतिबंधित है। संवाद

पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का संकल्प लिया

बरोटीवाला, 31 अक्तूबर (ठाकुर): बरोटीवाला कालेज में रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई द्वारा पर्यावरण-अनुकूल दीपावली विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मूक अभिनय (मीम एक्टिविटी) के माध्यम से पटाखों से होने वाले वायु एवं ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों को दर्शाया गया तथा व्याख्यान द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया कि न्यायालय के अनुसार रात्रि 10 से प्रात: 6 बजे तक पटाखे फोड़ना प्रतिबंधित है तथा अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों जैसे साइलैंट जोन में पटाखे चलाना पूर्णतया वर्जित है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से ग्रीन दीपावली मनाने और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। अंत में सभी विद्यार्थियों और स्टाफ ने पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का संकल्प



बी.बी.एन. : बरोटीवाला कालेज में पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का संकल्प लेते छात्र। (ठाकुर)


The Bharat Scouts And Guides Himachal Pradesh
Rovers And Rangers
College Barotiwala


The Bharat Scouts And Guides Himachal Pradesh
College Barotiwala